मनमानी किरगी के सरपंच और सचिव कर रहे मनमानी, शौचालय के बरामदे की बिक्री का आरोप, 2012 से रसीद लेकर भटक रहा दुकानदार

नियमों की अनदेखी कर बेच रहे ग्राम पंचायत की संपत्ति

अनूपपुर, नवभारत 16 जनवरी। आदिवासी अंचल के मुख्यालय राजेंद्रग्राम स्थित ग्राम पंचायत किरगी में सरपंच अर्जुन सिंह और सचिव फूलचंद सिंह मरावी पर पंचायत संपत्तियों की बिक्री को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों की राजनीतिक पकड़ मजबूत होने के कारण पंचायत में नियम-कानून को दरकिनार कर दुकानों और शासकीय भवनों के हिस्सों को लाखों रुपये में बेचा जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत क्षेत्र में एक ही दुकान को दो से तीन लोगों को बेचे जाने के मामले सामने आए हैं। इसके बदले केवल पंचायत की रसीद दी जाती है, जबकि वास्तविक दुकान वर्षों बाद भी नहीं मिलती। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि वह वर्ष 2012 से रसीद लेकर भटक रहा है, लेकिन जब भी सरपंच या सचिव से संपर्क करता है तो उसे दूसरी दुकान बनवाकर देने का आश्वासन देकर टाल दिया जाता है।

फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों के नाम पर स्वीकृत दुकानें दूसरों को बेच रहे

स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि डिंडोरी, गड़ासरई और शहडोल जैसे बाहरी क्षेत्रों के बड़े व्यापारियों से संपर्क कर दुकानों का आवंटन किया जा रहा है। वर्षों से फुटपाथ पर दुकान लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले स्थानीय लोगों के नाम पर दुकानें स्वीकृत तो होती हैं, लेकिन उन्हें केवल रसीद दी जाती है और वास्तविक दुकान बाहरी लोगों को लाखों रुपये में दे दी जाती है।

शासकीय स्वीकृत इमारतों को निजी लोगों बेचा जा रहा

इतना ही नहीं आरोप है कि शासकीय स्वीकृत इमारतों के हिस्सों को भी निजी व्यक्तियों को बेचा गया है। लोगों का कहना है कि बस स्टैंड परिसर में पहले से बने सार्वजनिक शौचालय के सामने बने बरामदे को भी बेच दिया गया है, जो सीधे-सीधे सार्वजनिक संपत्ति के दुरुपयोग का मामला बनता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो राजेंद्रग्राम के छोटे व्यापारी हमेशा ठेले और गुमटी में ही सीमित रह जाएंगे, जबकि बाहरी क्षेत्रों के व्यापारी यहां व्यापारिक लाभ उठाते रहेंगे।

ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पंचायत की संपत्तियों के दुरुपयोग पर तत्काल रोक लगाई जाए। लोगों ने यह भी मांग रखी है कि छोटे व्यापारियों के लिए व्यवस्थित रूप से दुकानों की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें स्थायी रूप से रोज़गार मिल सके और पंचायत में पारदर्शिता बहाल हो।

इनका कहना है

मेरे पास यदि लिखित शिकायत आती है तो मैं निश्चित रूप से जांच कर कार्रवाई करूंगा।

गणेश पांडेय
सीईओ, जनपद
पुष्पतराजगढ़

लाड़ली बहना योजना से महिलाओं का जीवन बदल रहा : प्रीति सिंह

अनूपपुर, नवभारत 16 जनवरी। लाड़ली बहना योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि बहनों के आत्मसम्मान और सशक्तिकरण का माध्यम है। यह योजना न केवल महिलाओं के जीवन में बदलाव ला रही है बल्कि मध्यप्रदेश के भविष्य को भी नई दिशा दे रही है। उक्त विचार जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सोन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। श्रीमती सिंह ने कहा कि नारी हर रूप में समर्पण का प्रतीक है और राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए अपने प्रत्येक वचन को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने बताया कि योजना की 32वीं किस्त लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की गई है। अब यह योजना केवल मदद की नहीं बल्कि अवसर प्रदान करने की योजना बन गई है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं भी दीं।

हर लाड़ली बहन बने सशक्त : पार्वती राठौर

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर ने कहा कि लाड़ली बहना योजना बहनों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता को सशक्त करने का माध्यम है। यह हर बहन के सम्मान और सशक्त मध्यप्रदेश के निर्माण की दिशा में सरकार के संकल्प को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हर लाड़ली बहन स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और सशक्त बने।

पकरिहा, वार्ड 6 व 15 महामुकाबले के लिए क्वालिफायी

मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता

कोतमा नवभारत 16 जनवरी। मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन द्रोणाचार्य स्टेडियम में चौकों-छक्कों की बरसात हुई। आज खेले गए चार महत्वपूर्ण मुकाबलों के बाद वार्ड 6, वार्ड 15 और पकरिहा की टीमों ने 18 जनवरी से होने वाले महामुकाबलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। पांचवें दिन के पहले मैच में वार्ड इलेवन ने साजन की 81 रन की तूफानी पारी की बदौलत 115 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए देवगवां की टीम मात्र 52 रन पर सिमट गई। दूसरे मैच में वार्ड 6 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 77 रन बनाए। जावेद ने 40 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में वार्ड 6 के वासु ने 4 विकेट झटके। 78 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वार्ड 4 की टीम मात्र 54 रन बना पाई। शानदार प्रदर्शन के लिए वासु और जावेद को संयुक्त रूप से 'मैन ऑफ द मैच' दिया गया।

पकरिहा की 3 रन से रोमांचक जीत

तीसरे मैच में पहले खेलते हुए पकरिहा ने 6 ओवर में 59 रन बनाए। वार्ड 2 की ओर से आयुष ने 2 विकेट लिए। जवाब में वार्ड 2 की टीम 56 रन ही बना पायी। पकरिहा के पंकज को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। चौथे मैच वार्ड 15 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 रन बनाए। बालेश्वर केवट ने 59 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 11 की टीम 53 रन ही बना सकी और वार्ड 15 ने जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया।

दर्शक भी हुए पुरस्कृत

मैचों के दौरान दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए अभिषेक सराफ की ओर से उन दर्शकों को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने सीमा रेखा के बाहर शानदार कैच लपके।

उपचार हेतु दी गई 25 हजार की सहायता

अनुपपुर, नवभारत। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने राजनगर भलमुड़ी निवासी चन्द्रिका प्रसाद पिता प्रेमनारायण को उपचार हेतु मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चन्द्रिका प्रसाद लंबे समय से बीमारी से ग्रसित हैं और उनके इलाज के लिए आर्थिक सहयोग की आवश्यकता थी। आवेदन की जांच के उपरांत कलेक्टर द्वारा सहायता राशि स्वीकृत करते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए गए हैं।

हाथी के हमले में घायल वृद्ध की मौत

हाथी ने सूंड से पटककर पैर से दबाया, मौके पर मची अफरा-तफरी

अनूपपुर, नवभारत 16 जनवरी। जिले के जैतहरी नगर में गुरुवार-शुक्रवार की रात हाथियों के झुंड द्वारा किए गए हमले में एक 80 वर्षीय वृद्ध की गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान हंसराज राठौर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बीते लगभग 25 दिनों से तीन हाथियों का एक झुंड जैतहरी क्षेत्र में विचरण कर रहा है। ये हाथी रात के समय भोजन की तलाश में खेतों और बाड़ियों की ओर निकलते हैं तथा फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात तीनों हाथी पचौहा के पाठबाबा जंगल से निकलकर टकहुली लहरपुर होते हुए नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 3, पथरहा टोला पहुंचे। इसी दौरान खेत में बने घर के पास खलिहान में निकले वृद्ध हंसराज राठौर का अचानक हाथियों से आमना-सामना हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक हाथी ने उन्हें सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया और फिर पैर से दबा दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

फसलों को पहुचा रहे नुकसान

घटना की सूचना मिलते ही परिजन उन्हें जिला चिकित्सालय अनूपपुर लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर, तीनों हाथी देर रात तक जैतहरी और लहरपुर क्षेत्र में घूमते रहे और खेतों में लगी विभिन्न फसलों को नुकसान पहुंचाया। सुबह होते ही हाथी जंगल की ओर वापस लौट गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों की निगरानी और सुरक्षा के ठोस इंतजाम की मांग की है।

सेतु निगम ने किया विलंब तो होगा लंका दहन

अनूपपुर, नवभारत 16 जनवरी। जिले में बहुप्रतीक्षित फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण कार्य को लेकर नगरवासियों में लंबे समय से असंतोष बना हुआ है। धीमी प्रगति से परेशान लोगों ने कई बार आंदोलन और प्रयास किए, लेकिन निर्माण कार्य कछुआ गति से आगे बढ़ रहा है। 14 जनवरी को रेलवे द्वारा आरओबी-61 के गर्डर की लॉन्चिंग के बाद अब दोनों ओर के निर्माण की जिम्मेदारी सेतु निगम के पास है, किंतु उसकी कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शुक्रवार को भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष पं. कन्हैयालाल मिश्रा ने सेतु निगम को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्य में और विलंब हुआ तो पार्टी लंका दहन कार्यक्रम आयोजित करेगी। ज्ञात हो कि हाल ही में भगवा पार्टी द्वारा फ्लाईओवर निर्माण स्थल पर हनुमान चालीसा के 108 पाठ का आयोजन किया गया था। इसके माध्यम से पार्टी ने धार्मिक आस्था के साथ प्रशासन और संबंधित विभागों का ध्यान निर्माण की धीमी गति की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया।

जनसमस्याओं को लगातार उठाते रहेंगे

भारतीय गण वार्ता पार्टी के नेताओं का कहना है कि वे धार्मिक आयोजनों के माध्यम से जनसमस्याओं को लगातार उठाते रहेंगे और रेलवे के बाद अब सेतु निगम एवं जिला प्रशासन को भी सचेत करने के लिए आगे और कार्यक्रम किए जाएंगे। लोक निर्माण सेतु निगम अपने हिस्से का कार्य समय पर पूरा नहीं करता है तो सुंदरकांड के पश्चात 'लंका दहन' कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

माहेश्वरी समाज का अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित

अनूपपुर, नवभारत। माहेश्वरी समाज का अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन जोधपुर (राजस्थान) में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि लोकसभा स्पीकर ओमप्रकाश बिरला, राज्यपाल हरिभाऊ किशन वागड़े, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जोधपुर के सांसद एवं मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत तथा राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अधिवेशन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि माहेश्वरी समाज ने भारतीय इतिहास में राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

निर्दोष छात्रों को झूठे मामलों में फंसाने की साजिश

विद्यार्थियों ने आईजीएनटीयू पर लगाया आरोप, पीड़ित छात्रों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

अनूपपुर, नवभारत 16 जनवरी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) अमरकंटक में कुछ छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में एक संगठित साजिश चलने का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

पीड़ित छात्रों ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एक छात्र तथा उससे जुड़े कुछ शिक्षक, जो कथित तौर पर प्रशासनिक पदों पर हैं, निर्दोष छात्रों को झूठे मामलों में फंसाने और उन पर दबाव बनाने में संलिप्त हैं। छात्रों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से एक गिरोह के रूप में काम करते हुए सामान्य घटनाओं को क्षेत्रवाद और जातिवाद से जोड़कर विवाद खड़ा किया जा रहा है।

मामूली झड़प को गलत तरीके से पेश किया गया

आरोपों के अनुसार फर्जी मीडिया रिपोर्ट्स, सोशल मीडिया पर बनावटी ऑडियो-वीडियो, बाहरी लोगों को जुटाकर प्रदर्शन तथा विभिन्न कानूनों के कथित दुरुपयोग के जरिए प्रशासन पर दबाव बनाया गया। पीड़ित छात्रों के अनुसार हाल में गुरु गोविंद बॉयज हॉस्टल में तड़के हुई एक मामूली झड़प को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया। उनका दावा है कि घटना द्विपक्षीय थी, किसी को गंभीर चोट नहीं आई और इसका क्षेत्रवाद या जातिवाद से कोई संबंध नहीं था।

कुछ शिक्षक भी साजिश में शामिल

छात्रों ने यह भी दावा किया कि कुछ शिक्षक सीधे तौर पर इस कथित साजिश में शामिल हैं और अपने प्रशासनिक पदों का दुरुपयोग कर निर्णयों पर प्रभाव डालते रहे हैं। छात्रों के मुताबिक, विभिन्न संवेदनशील मुद्दों का हथियार की तरह उपयोग कर उन्हें प्रताड़ित किया गया। पीड़ित छात्रों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। परिसर में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए : अर्चना

सीईओ ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

अनूपपुर, नवभारत 16 जनवरी। जिले की जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने शुक्रवार को जनपद जैतहरी अंतर्गत धनगंवा पूर्वी एवं लपटा क्लस्टर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संकल्प से समाधान, अटल ई-सेवा केंद्र, आधार ई-केवाईसी, वास इन व्हील सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने मनरेगा अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), ग्राम पंचायत अभिलेखों के संधारण, निर्माण पंजी, पांचवें एवं 15वें वित्त आयोग के कार्यों की समीक्षा की। सीईओ अर्चना कुमारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित खेत तालाब कार्यों की समीक्षा करते हुए श्रमिक नियोजन बढ़ाने के निर्देश दिए।

पंचायतों को अधिक सक्रियता से कार्य करना होगा

उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष के लेबर बजट के अनुसार लक्ष्य की समय पर पूर्ति हेतु ग्राम पंचायतों को अधिक सक्रियता से कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने हितग्राहियों के निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु सतत भ्रमण करने के निर्देश दिए।

गणतंत्र दिवस पर लक्षित शालाओं में होगा विशेष भोज

अनूपपुर, नवभारत। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर जिले की सभी लक्षित शालाओं में विद्यार्थियों के लिए पीएम पोषण योजना अंतर्गत विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार विशेष भोज में विद्यार्थियों को सब्जी, पूरी, खीर अथवा सब्जी, पूरी, हलुआ परोसा जाएगा।

कौशल उन्नयन प्रशिक्षण पर दिया गया जोर

आजीविका महिलाओं से जिला पंचायत सीईओ ने किया संवाद

अनूपपुर, नवभारत 16 जनवरी। जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनगंवा पूर्वी स्थित आस्था ग्राम संगठन एवं लक्ष्मी स्व सहायता समूह, दर्री टोला की आजीविका दीदियों से रूबरू होकर संवाद किया। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक (आजीविका मिशन) शशांक प्रताप सिंह, जनपद जैतहरी के सीईओ के.के. रैकवार सहित जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी उपस्थित रहे। संवाद के दौरान जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने स्व सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और आजीविका दीदियों को कौशल उन्नयन के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आजीविका मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं को कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी सहित अन्य गतिविधियों में कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे स्वरोजगार के अधिक अवसर प्राप्त कर सकें।

महिलाओं के आय में हो रही वृद्धि

इस दौरान महिलाओं ने बताया कि वे किराना दुकान, ढाबा संचालन, सिलाई कार्य, ब्यूटी पार्लर सहित विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़कर अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं। जिला पंचायत सीईओ ने उनकी सराहना करते हुए उन्हें आगे भी निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान करने का आश्वासन दिया।

लोक सुनवाई थर्मल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की भू-अर्जन संबंधी लोक सुनवाई आयोजित, जनप्रतिनिधियों का भी मिला समर्थन

प्रस्तावित रेलवे कॉरिडोर हेतु 8 गांवों के ग्रामीणों ने दिया समर्थन

अनूपपुर, नवभारत 18 जनवरी। जिले की कोतमा तहसील अंतर्गत प्रस्तावित रेलवे कॉरिडोर निर्माण के लिए कुल 89.917 हेक्टेयर निजी भूमि के अधिग्रहण हेतु ग्राम बैहाटोला स्थित शासकीय उच्च विद्यालय में आयोजित लोक सुनवाई सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान करीब 500 स्थानीय ग्रामीणों, भू-स्वामियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भूमि अधिग्रहण के पक्ष में खुलकर समर्थन व्यक्त किया। भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के प्रावधानों के तहत किया जा रहा है। प्रभावित ग्रामों कटकोना, बैहाटोला, मैनटोला, डोंगरिया खुर्द, भाटाडांड़, कोरिया खुर्द, कोठी एवं तरसिली में सामाजिक प्रभाव अध्ययन (सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट) का कार्य जिला प्रशासन की देखरेख में पहले ही पूर्ण किया जा चुका है।

जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे

लोक सुनवाई का संचालन एसडीएम कोतमा टीआर नाग एवं जिला प्रशासन के प्रतिनिधि सतीश वर्मा की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में प्रभावित गांवों के भू-स्वामी, स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा कंपनी के अधिकारी मौजूद रहे। ग्राम पंचायत कटकोना, बैहाटोला, मैनटोला, डोंगरिया खुर्द, भाटाडांड़, कोरिया खुर्द एवं गुलिडांड़ के सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने सामाजिक प्रभाव अध्ययन पर अपने सुझाव रखे और प्रस्तावित परियोजना का स्वागत करते हुए समर्थन जताया।

लोक सुनवाई की सफलता पर ग्रामीण खुश

लोक सुनवाई की सफलता पर उपस्थित ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की। ग्राम पंचायत भाटाडांड़ की सरपंच ओमवती ने कहा कि आज बिजली भी पानी जितनी ही आवश्यक हो गई है, इसलिए हम इस परियोजना का समर्थन करते हैं।

ग्राम पंचायत कटकोना की सरपंच गेंदिया बाई ने कहा कि अदाणी कंपनी द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही भू-अर्जन में उचित मुआवजा और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

अल्ट्रा सुपर थर्मल पावर प्लांट का कार्य प्रगति पर

उल्लेखनीय है कि जिले के छतई, मझटोलिया और उमरदा ग्रामों में कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर थर्मल पावर प्लांट की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। यह परियोजना मध्यप्रदेश सहित देशभर में लगातार बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में सहायक होगी तथा आर्थिक विकास को गति देगी। सामाजिक दायित्वों के तहत क्षेत्र में अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन एवं आधारभूत संरचना विकास से जुड़े अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् पसान, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

क्रं. 80/ई-टेंडरिंग/पसान/2026 **(द्वितीय आमंत्रण) अनुभाग-1** पसान, दिनांक :- 12/01/2026

निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाइन प्रतिशत दर की निविदा पंजीकृत ठेकेदारो और पंजीकरण मानदडों को पूरा करने वाली फर्मों से आमंत्रित की जाती है :-

क्रं. टेण्डर क्रं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (रुपए) लाख में	धरोहर राशि (EMD) (रुपए में)	निविदा प्रपत्र की लागत (रुपए में)	ठेकेदार की श्रेणी	पूर्णता की अवधि (दिन में)
1. 2026_UAD_475436_1	1. Design and build sewage treatment plant of installed capacity 1.75 MLD and all appurtenant structures and allied works. 2. Survey, review the designs, redesign where necessary and diversion works of Nallahs with interception sewer of diameter 800mm comprising of RCC NP3 pipes of about 100m length and strengthening of Drain of 1690 m including all appurtenant structures and allied works	749.13/-	374565/-	20000/-	Valid registration with the government of Madhya Pradesh PWD	12 months including rainy season

1. इच्छुक निविदाकार बेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर एनआईटी देख सकते है। 2. निविदा प्रपत्र 10:35 समय 13/01/2026 दिनांक से 17:30 समय 28/01/2026 तक ऑनलाइन खरीदा जा सकता है। 3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई हो तो केवल बेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नही। 4. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में निर्माण शाखा में देखी व प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्
पसान

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् पसान
जिला-अनूपपुर (म.प्र.)